| सत्यमेव जयते | राजस्थान राजपत्र<br>विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE<br>Extraordinary |
|---|---|---|
| | साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |
| | भाद्र 29, सोमवार, शाके 1943-सितम्बर 20, 2021<br>*Bhadra 29, Monday, Saka 1943- September 20, 2021* | |


**भाग-1(ख)**

**महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।**

**गृह (ग्रुप-9 विभाग**

अधिसूचना

**जयपुर, सितम्बर 20, 2021**

**संख्या प. 20 (2) गृह-9/2012पार्ट1** :-यतः राज्य सरकार के यह ध्यान में आया है कि राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)] 2021 का आयोजन दिनांक 26 सितम्बर, 2021 को आयोजित किया जा रहा हैा यह कि राज्य सरकार का यह विचार है कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के समस्त कार्यालय तथा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)] 2021 से संबंधित सेवाओं में हडताल होने से सेवाओं के प्रदाय एवं अनुरक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और उसके परिणामस्वरूप समुदाय को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

अतः राज्य सरकार राजस्थान अत्यावश्यक सेवाऐं अनुरक्षण अधिनियम 1970, (1970 का अधिनियम संख्या 22) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) के उप खण्ड (ii) एवं (iV) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर के समस्त कार्यालय तथा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET), 2021 से संबंधित समस्त सेवाओं को एतद्द्वारा दिनांक 20.09.2021 से 30.09.2021 तक अत्यावश्यक सेवा घोषित करती है।

**राज्यपाल की आज्ञा से,**
देवेन्द्र कुमार,
**संयुक्त शासन सचिव, गृह।**

---

**9306**

---

**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।**